**प्रेरणा**
आपकी जिन्दगी बहुत ही अनमोल और सुन्दर है, इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 12 AUGUST TO 18 AUGUST 2022 • VOLUME-04 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

### पंजाब कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए बड़े फैसले

## माइनिंग नीति में संशोधन, वाजिब दरों पर मिलेगी रेत-बजरी

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

उपभोक्ताओं को वाजिब दरों पर निर्माण सामग्री मिलना सुनिश्चित बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन पंजाब कैबिनेट ने गुरूवार को रेत और बजरी की माइनिंग नीति, 2021 में संशोधन को मंज़ूर कर लिया। इस सम्बन्धी फ़ैसला आज यहाँ पंजाब सिविल सचिवालय-1 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व अधीन हुई मंत्री समूह की बैठक में लिया गया। यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल से रेत और बजरी नीति तर्कसंगत बनेगी। इसके साथ जहाँ एक ओर उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। इस नीति के अनुसार 2.40 रुपए प्रति घन फुट की रॉयलिटी को पहले जितना ही रखा जाएगा। सूचना प्रौद्यौगिकी और वजऩ ब्रिज हैड के अधीन राजस्व, जो 10 पैसे प्रति घन फुट है, भी राज्य के खजाने में जमा होगा, जबकि मौजूदा समय में यह ठेकेदार के पास ही रहता था।

मौजूदा समय में लागू के-2 पर्मिट की जगह बिल्डिंग प्लान को मंज़ूरी देने वाली अथॉरिटी द्वारा जिन स्थानों पर बेसमैंट का निर्माण प्रस्तावित है, के लिए पाँच रुपए प्रति वर्ग फुट का सरचार्ज वसूला जाएगा। यह पैसा स्थानीय संस्थाओं/टाऊन प्लानिंग अथॉरिटी द्वारा एकत्रित किया जाएगा और इसको विभाग के सम्बन्धित हैड में जमा करवाया जाएगा। यह सरचार्ज किसी भी आकार के रिहायशी घरों या किसी अन्य पाँच सौ वर्ग गज़ तक के प्लॉट के आकार पर प्रस्तावित इमारत के लिए लागू नहीं होगा।

इसके अलावा ईंट भठ्ठों को छोडक़र व्यापारिक ढांचे के प्रोजैक्टों के निर्माण के लिए प्रयोग के लिए साधारण मिट्टी की रॉयलिटी दर 10 रुपए प्रति टन रखी गई है। राज्य के लिए अधिक राजस्व एकत्रित करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए क्रशर नीति को तर्कसंगत बनाने की सहमति

मील का पत्थर साबित होने वाले एक अन्य फ़ैसले में कैबिनेट ने उपभोक्ताओं को राहत देने और राज्य के खजाने के लिए अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए क्रशर नीति को तर्कसंगत बनाने की सहमति दी। नई नीति के मुताबिक ग़ैर-कानूनी माइनिंग रोकने के लिए क्रशरों को पाँच हेक्टेयर या पाँच हेक्टेयर के गुणांक से माइनिंग साइट अलॉट की जाएगी, परन्तु हरेक क्रशर के लिए यह अनिवार्य नहीं किया गया कि वह ज़रूरी तौर पर इन साईटों को लें, राज्य के खजाने में तकरीबन 225 करोड़ रुपए का राजस्व बढ़ाने के लिए क्रशर से निकलने वाले माल पर एक रुपए प्रति घन फुट की दर से पर्यावरण फंड लगाया गया है। ग़ैर-कानूनी माइनिंग पर रोक लगाने के लिए माइनिंग साईट के साथ-साथ क्रशरों पर सी.सी. टी.वी. कैमरों के अलावा वजऩ ब्रिज लगाना अनिवार्य किया गया है। क्रशर से माल की बिक्री की समूची प्रक्रिया की निगरानी ऑनलाइन पोर्टल के ज़रिये की जाएगी।



### 'शिक्षा-और-स्वास्थ्य फंड' के गठन को मंजूरी

अपनी तरह की एक अनूठी पहल के तहत मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब कैबिनेट ने आज राज्य में 'शिक्षा-और-स्वास्थ्य फंड' गठित करने के लिए ट्रस्ट डीड को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस फंड का प्रारंभिक उद्देश्य पंजाब राज्य की भौगोलिक सीमा में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्रों में पूँजीगत ढाँचों का सृजन करना या अपग्रेडेशन में सहायता करना है, जिससे स्वैच्छित दान के द्वारा लोगों का कल्याण सुनिश्चित बने। मुख्यमंत्री इस ट्रस्ट के चेयरपर्सन होंगे, जबकि वित्त मंत्री को वाइस चेयरपर्सन, मुख्य सचिव को मैंबर सचिव और स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभागों के मंत्रियों को इसमें ट्रस्टी के तौर पर शामिल किया गया है। इस ट्रस्ट के पास सलाह-मश्वरे के लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व वाली एक सलाहकार समिति भी होगी।

### गैस्ट फेकल्टी और पार्ट टाइम लैक्चररों की छुट्टियों को हरी झंडी

एक अन्य बड़े फ़ैसले में कैबिनेट ने सरकारी कॉलेजों में तैनात गैस्ट फेकल्टी और पार्ट टाइम लैक्चररों को मौजूदा अचनचेत और प्रसूति छुट्टी के साथ-साथ कमाई छुट्टी, आधी तनख़्वाह छुट्टी और असाधारण छुट्टी की मंजूरी दे दी है। गैस्ट फेकल्टी और पार्ट टाइम लैक्चरर लंबे समय से इन छुट्टियों की माँग कर रहे थे। पंजाब सरकार द्वारा दिखाई गई दयालुता के कारण अब इन लैक्चररों की मुश्किलें घटेंगी।

## एएसआई 4000 रुपए की रिश्वत लेता हुआ रंगे हाथों काबू

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा चलाई गई मुहिम के दौरान गुरूवार को थाना शहना ज़िला बरनाला में तैनात पुलिस सहायक सब-इंस्पेक्टर (ए.एस.आई) जोगिन्दर सिंह को 4000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया।

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि मुलज़िम ए.एस.आई. जोगिन्दर सिंह को जुगराज सिंह निवासी शहना की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत में दर्ज तथ्यों और प्राप्त सबूतों की पड़ताल करने के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की रेंज पटियाला की एक टीम ने मुलज़िम को दो सरकारी गवाहों की हाजिऱी में 4000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। उक्त मुलज़िम के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार निवारक अधिनियम के तहत विजीलैंस ब्यूरो के थाना पटियाला में मुकदमा दर्ज किया गया है और अगली जाँच जारी है।

## एससी विद्यार्थियों की डिग्रियाँ रोकने वाली शैक्षिक संस्थाओं के ख़िलाफ़ सख्त कार्यवाही के आदेश

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज अनुसूचित जाति (एस.सी.) से सम्बन्धित विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए पोस्ट मैट्रिक वज़ीफ़ा स्कीम की आड़ में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों की डिग्रियाँ रोकने वाले शैक्षिक संस्थाओं के ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। गुरूवार को यहाँ सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का भविष्य ख़राब करने के लिए ज़िम्मेदार शैक्षिक संस्थाओं के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित बनाया जाए कि किसी भी शैक्षिक संस्था द्वारा एक भी विद्यार्थी की डिग्री न रोकी जाए।' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस स्कीम के अंतर्गत फंडों की अदायगी का मामला राज्य सरकार और शैक्षिक संस्थाओं का आपसी मसला है और समाज के पिछड़े और कमज़ोर वर्ग के विद्यार्थियों का इससे कोई लेना-देना नहीं है, जिस कारण उनको किसी भी कीमत पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए। भगवंत मान ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं को विद्यार्थियों की डिग्रियाँ रोककर उनका भविष्य तबाह करने का कोई हक नहीं है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शैक्षिक संस्थाओं द्वारा शर्मनाक ढंग से ऐसा काम करना बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कुछ शैक्षिक संस्थाओं की संकुचित मानसिकता को भी दिखाता है जो अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि ऐसी भद्दी चालों का सहारा लेने वाले शैक्षिक संस्थाओं के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## पीएम मोदी का अनोखा अंदाज, पहले बच्चों से बंधाई राखी, फिर हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ाया आगे

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। गुरूवार को भाई-बहन के त्यौहार यानी रक्षाबंधन के अवसर पर देश भर में अलग धूम रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रधानमंत्री कार्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान उन्होंने ने प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मियों, सहायकों, अन्य कर्मचारियों की बेटी से राखी बंधवाई। इसको लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक वीडियो भी साझा किया।



वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से राखी बंधवाते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से बातें करते भी दिखाई दिए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक और दिलचस्प काम किया गया। इसका भी वीडियो प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से साझा किया गया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के हाथों में तिरंगा थमाते दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ हंसी मजाक भी कर रहे हैं और हाथों में झंडा लहरा रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को तिरंगा फहराने के लिए भी प्रेरित किया।

## आज नहीं बंद होगा पंजाब, 19 तक फैसला स्थगित

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब बंद की कॉल फिलहाल स्थगति हो गई है। वाल्मीकि समुदाय द्वारा 12 अगस्त को पंजाब बंद की घोषणा की गई थी, इसे अब 19 अगस्त तक स्थगित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ वाल्मीकि भाईचारे की 19 अगस्त को मीटिंग होगी। वाल्मीकि भाईचारे और रविदास भाईचारे द्वारा 12 अगस्त को पंजाब बंद की कॉल का ऐलान किया गया था, जो कि स्थगित कर दी गई है। अमृतसर के श्री रामतीर्थ से वाल्मीकि समुदाय ने हुक्मनामा जारी शुक्रवार को पंजाब बंद का एलान किया था। वाल्मीकि समुदाय ने यह बंद की काल एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिद्धू की एक टिप्पणी के बाद दी थी।

### हालात-ए-नगर निगम जालंधर

# क्या नगर निगम का मौजूदा कमिश्नर भी बदली करवाना चाहता है ?

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर







पंजाब में लोगों द्वारा बड़े उत्साह के साथ बंपर वोटिंग कर टकसाली राजनीतिक पार्टियों को सत्ता से दूर किया और आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा लोगों को बड़े लुभावने वायदे किए गए और लोगों ने उसको स्वीकार भी किया। परंतु सरकार नोटिफिकेशन करते समय कई बार भेदभाव कर चुकी है।

पंजाब के निकाय विभाग का इतिहास बदलता अभी भी नहीं दिख रहा है। क्योंकि पिछले बीस-पचीस वर्षो से जो भी पंजाब में निकाय मंत्री बना उसका राजनीतिक भविष्य अंधेरे में गुम हो गया और वो अगली बार विधायक का चुनाव तक नहीं जीत पाया।

अगर इतिहास को देखा जाए तो चौधरी जगजीत सिंह, मनोरंजन कालिया, तीक्षण सूद, भगत चुनी लाल, अनिल जोशी, नवजोत सिद्धू, ब्रह्म मोहिंद्रा सबको निकाय विभाग ले बैठा और अब देखना होगा कि मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के बाद तीन महीने इस विभाग को अपने पास रखा और कामकाज को समझना शुरू किया। एक बार सभी कामों पर जैसे कि नक्शा पास, सीएलयू केसेस, डेवलपमेंट के कामों पर एक तरह से रोक लगा दी। अभी हाल ही में एक महीने पहले अरविन्द केजरीवाल द्वारा कैबिनेट का विस्तार किया गया और माझा से आते विधायक डा. इंदरजीत सिंह निज्जर को निकाय विभाग को संभालने का कार्यभार सौंपा गया। लेकिन किसी ने खूब कहा है- *फर्स्ट इम्प्रैशन इज द लास्ट इम्प्रैशन* और इसका मुख्य कारण पिछले कुछ दिनों पहले ही लम्बी छुट्टी पर गई पूर्व कमिश्नर दीपशिखा शर्मा के बाद जालंधर को मंत्री साहब द्वारा एक महीने बाद दविंदर सिंह को नए कमिश्नर के तौर पर कार्यभार सौंप दिया गया और कमिश्नर साहब को अपने पास बुलाने की बजाए मंत्री साहब खुद ही जालंधर दौरे पर आ गए। यहां मीडिया में आकर सहजभाव से बयान दिया कि मैं जालंधर नगर निगम कमिश्नर से जानने आया हूं कि उन्हें कोई मुश्किल तो नहीं आ रही। जिससे राजनीतिक, सामाजिक और आम जनमानस के बीच सन्देश गया कि जिस मंत्री को जालंधर की मौजूदा स्थिति, जिसमें रुके हुए कार्यो को जल्दी से खत्म करने जो उनके पास पिछले लंबे समय से पूर्व कमिश्नर के छुट्टी पर जाने से लंबित पड़ी है को क्लियर करने के निर्देश देने थे। परन्तु उन्होंने अपने भोलेपन और अंजान होने का प्रमाण दिया। इसी का नतीजा है कि पिछले एक महीने से कमिश्नर नगर निगम जालंधर पूरी तरह से बेपरवाह है और उनकी कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि वो लोगों की सुनवाई नहीं करेंगे।

ऐसे में उनकी शिकायत विधायकों या आम लोगों द्वारा सरकार को की जाएगी और तभी जाकर उनकी मन की इच्छा पूरी होगी और उनका तबादला कर दिया जाएगा।

बाकी भविष्य में उनकी कार्यशैली के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता और विधायकों को काउंसलर चुनावों में इन अफसरों के कारण खूब फजीहत सहनी पड़ेगी इसका अंदेशा उनको हो गया है।

# अगस्त के महीने में मिल रही हैं खूब सारी छुट्टियां, घूमने की प्लानिंग कर हॉलिडेज का मजा करें दोगुना

• **जालंधर ब्रीज.** ट्रैवल न्यूज

सावन आते ही त्योहारों का मौसम शुरू हो जाता है। अगस्त के महीने में राखी है और इस दौरान काफी सारी छुट्टियां मिल रही हैं। इन छुट्टियों में आप बच्चों के साथ घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। इस बार राखी 11 अगस्त की है और इस दिन गुरुवार है। आपको सिर्फ 12 अगस्त यानी शुक्रवार की छुट्टी लेनी है। फिर 13-14 अगस्त को वीकेंड है। फिर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस है। ऐसे में कुछ मिलाकर आपके पास 5 दिन होते हैं। इन 5 दिन की छुट्टी में मजे को डबल करने के लिए आप कुछ अच्छी जगहों पर यात्रा की प्लानिंग कर सकते हैं।

### अगस्त के महीने में घूमने के लिए जगह

### मुन्नार और कोडाइकनाल

हरियाली का मजा उठाने के लिए आप इन दो जगहों पर जा सकते हैं। केरल का मुन्नार और तमिल नाडू का कोडाइकनाल दोनों ही प्राकृतिक खूबसूरती से पूर्ण हैं। खूबसूरत वॉटफॉल देखने के लिए आप यहां जा सकते हैं। शांति और सुकून के साथ पहड़ों के खूबसूरत नजारे को देखना आपके लिए स्ट्रेस रिलीवर की तरह काम कर सकता है। यूं तो गर्मी के मौसम में ये दोनों जगह काफी गर्म होती हैं लेकिन बारिश के मौसम में आप इस जगह पर जा सकते हैं।

### लाहौल-स्पीती और लेह लद्दाख

लाहौल-स्पीति की घाटियां प्रकृति की सुंदरता से संपन्न हैं। यह कम आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है और एकांत में समय बिताने के लिए एक अच्छी है। वहीं लद्दाख को दुनिया के सबसे ठंडे रेगिस्तान के रूप में जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि केवल लद्दाख में ही धूप में बैठा आदमी छाया में अपने पैर रख सकता है। अगस्त लद्दाख घूमने के लिए सबसे अच्छे समय में से एक है।

### चेरापूंजी और मावलिननॉन्ग

चेरापूंजी और मावलिननॉन्ग दोनों ही मेघालय में है। चेरापूंजी में पूरे साल बारिश होती है। अगर आप बारिश से प्यार करते हैं, तो आपको मानसून के दौरान चेरापूंजी की यात्रा करनी होगी, रोमांचक मानसून ट्रेकिंग के लिए बनाता है। यहां पर मेघालय चाय का मजा जरूर लें। ये असम या दार्जिलिंग चाय से काफी अलग है। मावलिननॉन्ग एक छोटा सा गांव है, इसे साल 2003

## INDIAN DESTINATION

में डिस्कवरी इंडिया द्वारा एशिया का सबसे साफ गांव घोषित किया गया था। अगस्त में मानसून के दौरान मावलिननांग सबसे सुरम्य है।

### मसूरी और फूलों की घाटी

ये दोनों जगह उत्तराखंड में हैं। खूबसूरत नजारा देखने के लिए आप अगस्त के महीने में मसूरी जा सकते हैं। देहरादून से मसूरी तक की ड्राइव अपने आप में खूब लुभावनी है। शानदार नजारों को एकांत में बैठ कर एंजॉय करने के लिए आप मसूरी जा सकते हैं। फूलों की घाटी दोस्तों संग घूमने के लिए बेस्ट है।

### माउंट आबू और जोधपुर

माउंट आबू राजस्थान का एकमात्र हिल स्टेशन है। खूबसूरत पहाड़ी के नजारे देखने के लिए अगस्त के महीने में आप यहां जा सकते हैं। इस महीने में इस सुंदर हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता दोगुनी हो जाती है क्योंकि आसपास पहाड़ धुंध और हरी-भरी सुंदरता से भर जाता है। जोधपुर को द ब्लू सिटी, सन सिटी और गेटवे टू थार के रूप में भी जाना जाता है, जोधपुर अपने मेहरानगढ़ किले, नीले घरों, मंदिरों, मिठाइयों और स्नैक्स के लिए फेमस है।



## CLOTHING SENSE+

# डीप नेकलाइन टॉप में कम्फर्ट के साथ स्टाइलिश दिखने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

ज्यादातर आउटफिट में हमें फिटिंग में एडजेस्टमेंट तो करनी ही होती है। कई बार इसी चक्कर में हम ऐसा आउटफिट खरीद लेते हैं, जिसे पहनने के बाद हम कम्फर्टेबल फील नहीं करते। आइए, जानते हैं स्टाइलिंग टिप्स



**कभी-कभी** ऐसा होता है हमें ऑनलाइन शॉपिंग के वक्त कोई टॉप अच्छा लगता है और हम उसे ज्यादा डिटेल पढ़े बिना खरीद लेते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह होती है कि फोटो में हमें कोई आउटफिट इसलिए अच्छा लगता है क्योंकि मॉडल अपने साइज फिट के हिसाब से कोई ड्रेस कैरी करती है, जबकि साइज के हिसाब से हम कोई भी आउटफिट खरीदें लेकिन फिर भी हमें फिटिंग में एडजेस्टमेंट तो करनी ही होती है। कई बार इसी चक्कर में हम ऐसा आउटफिट खरीद लेते हैं, जिसे पहनने के बाद हम कम्फर्टेबल फील नहीं करते। आपने भी अगर कोई डीप नेकलाइन टॉप खरीद लिया है, तो आप कुछ आसान हैक्स को फॉलो करके इस टॉप को कम्फर्टे होने के साथ स्टाइलिश तरीके से पहन सकते हैं।



**जैकेट :** जैकट डीप लाइन टॉप को कवर अप करने के लिए सबसे अच्छा ऑप्शन है। आपको टॉप से मैच होता हुआ जैकेट पहनना है। इससे आपका लुक भी कूल लगेगा और आप कम्फर्टेबल भी फील करेंगे।

**श्रग :** आपको अगर जैकेट नहीं पहननी, तो आप श्रग को भी टॉप के साथ स्टाइल कर सकते हैं। ऐसा करने से न सिर्फ आपका लुक काफी एलिगेंट लगेगा बल्कि डीप नेक लाइन टॉप की प्रॉब्लम भी सॉल्व हो जाएगी।

**स्टॉल :** आपको अगर जैकेट या श्रग स्टाइल नहीं करना है, तो आप कोई मैचिंग स्टाइलिश स्टॉल भी टॉप के ऊपर ले सकते हैं। इससे आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। आपका टॉप अगर सॉलिड कलर है, तो आप फ्लोरल स्टॉल ले सकते हैं।

**हैंगिंग नेकलेस :** आपको अगर एक्सेसरीज पहनने का शौक है, तो डीप नेकलाइन की प्रॉब्लम को हैंगिंग नेकलेस के साथ भी सॉल्व कर सकते हैं। इससे आप काफी स्टाइलिश नजर आएंगे।





# बारिश में भूल जाएंगे चाइनीज फूड्स, जब घर पर बनाएंगे देसी फ्राई मसाला आलू

यह साधारण नाश्ता कुछ ही मिनटों में रसोई के कुछ मसालों के साथ बनाया जा सकता है। इस डिश को चाय या कॉफी के साथ खाया जा सकता है। आप अगर अचानक पार्टी की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह रेसिपी जरूर बनाएं।



मानसून की शाम को मसालेदार बनाने के लिए किसी कुरकुरे नाश्ते की तलाश में हैं? तो फिर देर किस बात की? किचन से आलू निकालें और शुरू हो जाएं। आलू, देसी मसाले और ताजे धनिए से बने इस स्वादिष्ट और झटपट 5 मिनट के नाश्ते को ट्राई करें। यह साधारण नाश्ता कुछ ही मिनटों में रसोई के कुछ मसालों के साथ बनाया जा सकता है। इस डिश को चाय या कॉफी के साथ खाया जा सकता है। आप अगर अचानक पार्टी की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह नाश्ता इतनी जल्दी ठीक करने के लिए सबसे अच्छा उपाय हो सकता है। आलू न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि खनिजों से भी भरे होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं, लेकिन अगर इनका सेवन कम मात्रा में किया जाए। कभी-कभी तो आप इसे खा ही सकते हैं। आइए, जानते हैं इसकी रेसिपी-

### फ्राई मसाला आलू बनाने की सामग्री

200 ग्राम छोटे आलू छिलकों सहित
1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
2 मुट्ठी हरा धनिया
1 छोटा चम्मच काली मिर्च
2 बड़े चम्मच नींबू का रस
4 हरी मिर्च
आवश्यकता अनुसार नमक
आवश्यकता अनुसार पानी
1 छोटा चम्मच चाट मसाला
1 छोटा चम्मच सूखे आम का पाउडर
आवश्यकता अनुसार रिफाइंड तेल

### फ्राई मसाला आलू बनाने की विधि-

इस आसान रेसिपी को बनाने के लिए सबसे पहले आलू को धोकर एक तरफ रख दें। एक पैन लें और पैन में तेल डालें, जब तेल पर्याप्त गर्म हो जाए तो इसमें लहसुन की कलियां और आलू डालें, आलू को टॉस करें। जब आलू ब्राउन हो जाए, तो इसमें मसाले, धनिया, नींबू का रस और हरी मिर्च डालें। आलू को फ्राई करें और डिप के साथ सर्व करें।

# लाइफ को बेहतर बनाने के लिए इन चीजों को खरीदना कर दें बंद

**हम बहुत-सी ऐसी चीजें खरीद लेते हैं, जो हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि परेशानी की वजह बन जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन चीजों को खरीदने के बाद आपके पैसे भी बर्बाद होते हैं। आइए, जानते हैं**



हम खुश रहने के लिए क्या कुछ नहीं करते। हर छोटी और बड़ी चीजों पर गौर करते हैं, जिससे हम और हमारा परिवार खुश रह सकें। ऐसे में कई बार ऐसा होता है कि हम बहुत-सी ऐसी चीजें खरीद लेते हैं, जो हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि परेशानी की वजह बन जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन चीजों को खरीदने के बाद आपके पैसे भी बर्बाद होते हैं और आपको खुशी भी नहीं मिल पाती। फिर आप इन चीजों को ठिकाने लगाने के बारे में सोचने लग जाते हैं। आइए, जानते हैं कि आपको किन चीजों को खरीदना बंद कर देना चाहिए।

**प्लास्टिक का सामान :** प्लास्टिक का सामान देखने में कितना ही अच्छा लगे लेकिन आपके लिए कभी भी सही नहीं होता है। ऐसे में आपको प्लास्टिक खरीदना बंद कर देना चाहिए। आने वाले समय में प्लास्टिक पूरी तरह से बैन हो जाएगा। आप अभी से प्लास्टिक के बिना जीने की आदत डालें।

**होम डेकोर :** घर सजाना सभी को अच्छा लगता है लेकिन आप अगर हमेशा ही होम डेकोर वाली चीजें खरीदते रहते हैं, तो एक टाइम बाद आपके घर में स्पेस की कमी पड़ जाती है। ऐसे में आपको इससे बचना चाहिए। कुछ चीजों के साथ भी घर सुंदर दिख सकता है।

**टीवी चैनल :** बहुत कम लोग ऐसे हैं जिनके पास टीवी देखने का टाइम होता है। ऐसे में अपने चैनल के पैकेज में और चैनल्स एड करने से पहले सोचकर देखें कि क्या आपको वाकई उन चैनल्स की जरूरत है?

**ज्वैलरी :** ज्वैलरी पहनना ज्यादातर लोगों को पसंद होता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने पूरे घर को ज्वैलरी हाउस बना लें। आपको एक टाइम बाद ज्वैलरी खरीदना भी बंद कर देना चाहिए।

**कपड़े :** कपड़े खरीदने की कोई लिमिट नहीं होती लेकिन आपको इस आदत पर कंट्रोल करना होगा क्योंकि कपड़ों के ढेर को देखकर आपको स्ट्रेस भी फील हो सकता है।

**सेल के प्रॉडक्ट :** हर बार सेल में आप सामान खरीदें, ऐसा जरूरी नहीं है। किसी न किसी बहाने सेल होती ही रहती है ऐसे में आप हर सेल में खरीददारी करेंगे, तो आप आपके लिए यह सही नहीं है।

# खाली पेट करी पत्ते चबाने से वेट लॉस के साथ दूर होती हैं ये समस्याएं

## HEALTH+

**अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी में हैं तो खाली पेट करी पत्ते का सेवन करें। खाली पेट करी पत्ते का सेवन करने से सिर्फ वेट लॉस ही नहीं बल्कि सेहत को कई तरह के फायदे होते हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।**

डोसे की चटनी बनानी हो या फिर कढ़ी में लगाना हो तड़का, करी पत्ते के बिना दोनों ही चीजों का स्वाद अधूरा रहता है। खाने में इस्तेमाल किया गया करी पत्ता न सिर्फ खाने में खुशबू और स्वाद जोड़ता है बल्कि उसे सेहतमंद बनाए रखने में भी मदद करता है। करी पत्ते में कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, विटामिन सी, विटामिन ए आदि जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। जिनका सेवन करने से सेहत को कई फायदे हो सकते हैं। अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी में हैं तो खाली पेट करी पत्ते का सेवन करें। खाली पेट करी पत्ते का सेवन करने से सिर्फ वेट लॉस ही नहीं बल्कि सेहत को कई तरह के फायदे होते हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।

### खाली पेट करी पत्ते का सेवन करने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे-

### आंखों के लिए फायदेमंद

खाली पेट करी पत्ते का सेवन करने से ना सिर्फ आंखों की रोशनी में सुधार आ सकता है बल्कि इसके अंदर विटामिन ए पाया जाता है जो आंखों को तंदुरुस्त बनाने के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है।

### मॉर्निंग सिकनेस होगी दूर-

मॉर्निंग सिकनेस दूर करने के लिए खाली पेट करी पत्ते का सेवन अच्छा होता है। करी पत्ते के उपयोग से न केवल उल्टी की समस्या दूर हो सकती है बल्कि मतली, जी मिचलाना आदि समस्याओं से भी राहत पाया जा सकता है। मॉर्निंग सिकनेस दूर करने के लिए आप नींबू के रस में चीनी और करी पत्ते के रस को मिलाकर भी पी सकते हैं।



### लिवर की समस्या हो सकती है दूर-

लिवर की समस्या दूर करने में भी खाली पेट करी पत्ते का सेवन बेहद उपयोगी है। यह ना केवल सिरोसिस के जोखिम को कम करने में मदद करता है बल्कि लिवर की कार्य क्षमता में भी सुधार करता है।

### वेट लॉस-

बढ़ता वजन आज हर दूसरे व्यक्ति के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। आप इस समस्या से छुटकारा बस कुछ करी पत्ते खाली पेट चबाकर पा सकते हैं। अगर आप खाली पेट करी पत्ते का सेवन करते हैं तो आप अपना वजन कम कर सकते हैं। खाली पेट करी पत्ते चबाने से न सिर्फ शरीर में ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है बल्कि कोलेस्ट्रोल भी कम होता है। इसके लिए आप सुबह उठते ही तुलसी के पत्तों के साथ करी पत्ते का सेवन करें। ये आपके वेट लॉस में मदद कर सकता है।



### पाचन तंत्र होगा मजबूत-

करी पत्ते का सेवन करने से न केवल पेट दर्द की समस्या दूर हो सकती है बल्कि जो लोग कब्ज, एसिडिटी, अपच से परेशान हैं वह खाली पेट करी पत्ते का सेवन करें। आप इसका सेवन दही या छाछ के साथ भी कर सकते हैं। ऐसा करने से पाचन तंत्र मजबूत बना रहता है।

## डोनाल्ड ट्रंप के लग्जरी बंगले पर एफबीआई का छापा, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**अमेरिका.** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के घर पर अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने छापा मारा है। ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित लग्जरी घर मार-ए-लागो रिसॉर्ट पर सोमवार को एफबीआई ने सर्च शुरू की है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि एफबीआई ने रिसॉर्ट में छापा



मारा और तिजोरी तोड़ी है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे देश के लिए काला वक्त है क्योंकि डेमोक्रेट्स नहीं चाहते कि मैं 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तैयारी करूं, इसलिए ऐसा हो रहा है।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि व्हाइट हाउस छोड़ते समय ट्रंप कई आधिकारिक दस्तावेज अपने साथ ले आए थे इनमें से अधिकतर दस्तावेज सरकारी थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एफबीआई के कई एजेंट्स ने ट्रंप के घर को घेर लिया है और उनके घर की तलाशी ली जा रही है। मीडिया ने जब एफबीआई के प्रवक्ता से इस बारे में सवाल पूछे तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

एजेंसी पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जांच एजेंसियों के साथ सहयोग के बावजूद इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। यह न्यायतंत्र का हथियार के तौर पर गलत इस्तेमाल करने जैसा है। यह कट्टर लेफ्ट डेमोक्रेट्स का हमला है। वे नहीं चाहते हैं कि मैं 2024 का चुनाव लड़ूं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह रेड बिना किसी नोटिस के की गई है। जिस समय एफबीआई एजेंट्स ने मार-ए-लीगो पर छापा मारा, उस समय खुद ट्रंप वहां नहीं थे। ट्रंप पर आरोप हैं कि पिछले साल जब उन्होंने व्हाइट हाउस छोड़ा था, तब वो कुछ डॉक्यूमेंट्स अपने साथ ले गए थे। हालांकि अब तक इस आरोप की एफबीआई की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर कहा है कि वो एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव लड़ना चाहते हैं। इतना ही नहीं उनकी रिपब्लिकन पार्टी में उनको चैलेंज करने वाला उनके कद का कोई दूसरा नेता है भी नहीं। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि वे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए आधिकारिक दस्तावेजों को फाड़ कर फ्लश कर देते थे।

# अलीबाबा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

*चीनी तकनीकी समूह अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्च में कटौती करते हुए लगभग 10,000 कर्मचारियों को अलविदा कह दिया है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

चीनी तकनीकी समूह अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्च में कटौती करते हुए लगभग 10,000 कर्मचारियों को अलविदा कह दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों की संख्या को घटाकर 245,700 कर दिया। जून तिमाही के दौरान 9,241 से अधिक कर्मचारियों को हांग्जो स्थित अलीबाबा को छोड़ दिया।






### कर्मचारियों की संख्या में गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया है, "अलीबाबा के कर्मचारियों की संख्या में छह महीने से जून तक 13,616 की कमी आई है, जो मार्च 2016 के बाद से पेरोल आकार में फर्म की पहली गिरावट है।" अलीबाबा ने जून तिमाही में शुद्ध आय में 50% की गिरावट के साथ 22.74 बिलियन युआन (3.14 बिलियन डॉलर) की गिरावट दर्ज की, जो पिछले साल की समान अवधि में 45.14 बिलियन युआन थी।

### क्या है कंपनी की योजना?

रिपोर्ट में कहा गया है, "दुनिया के सबसे बड़े ई-कॉमर्स बाजार चीन में निरंतर नियामक दबाव, सुस्त खपत और धीमी अर्थव्यवस्था का सामना कर रहा है।" अलीबाबा के चेयरमैन और सीईओ डेनियल झांग योंग ने कहा कि कंपनी इस साल करीब 6,000 नए यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट्स को अपने हेडकाउंट में जोड़ेगी। पिछले महीने, रिपोर्टें सामने आईं कि अरबपति जैक मा सरकारी नियामकों के दबाव के बीच एंट ग्रुप का अपना नियंत्रण छोड़ने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि पिछले साल से चीनी नियामक प्राधिकरण अलीबाबा और एंट जीआर जैसे घरेलू तकनीकी दिग्गजों पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

# अनुराग ठाकुर ने युवाओं से 13-15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया

## शिमला में एक युवा सम्मेलन को संबोधित किया

• **जालंधर ब्रीज.** शिमला

केंद्रीय सूचना और प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने देश में "हर घर तिरंगा" अभियान के उत्सव के एक भाग के रूप में युवाओं से 13 से 15 अगस्त 2022 तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज "अगस्त क्रांति" दिवस है और इस अवसर पर हमारे युवाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ पूरे विश्व के शीर्ष पर तिरंगा फहराने की शपथ लेनी चाहिए। अनुराग ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं है, बल्कि तिरंगे की शक्ति 130 करोड़ भारतीयों को एकजुट करती है।उन्होंने आगे कहा कि हमारे युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे देश को एकजुट रखेंगे और भारत को आगे ले जाते हुए मजबूत बनाएंगे। वे आज शिमला में नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों, एनएसएस स्वयंसेवकों और विभिन्न युवा मंडलों के साथ आयोजित एक युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र, शिमला (हि.प्र.) द्वारा किया गया था।



युवाओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने भारत दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को अपने राज्य और देश के अन्य स्थानों और हिस्सों का दौरा करना चाहिए और उन्हें देखना चाहिए जिससे उनमें अपनेपन और देशभक्ति की भावना का संचार होगा और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने विभिन्न राज्यों की भाषाओं, संस्कृति और विभिन्न व्यंजनों की बाधाओं को तोड़ने में "एके भारत श्रेष्ठ भारत" (ईबीएसबी) कार्यक्रम की भूमिका का भी उल्लेख किया, जो विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे के करीब लाता है। मंत्री ने कहा कि यह राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करेगा और इस तरह भारत के गौरव को बढ़ाएगा।

प्रतिभागियों के साथ खुलकर चर्चा में अनुराग ठाकुर ने देश के विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर युवाओं के विचार जानने का प्रयास किया। उन्होंने नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस स्वयंसेवकों और विभिन्न युवा मंडलों के युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, एक भारत श्रेष्ठ भारत, कौशल विकास, खेलों की भूमिका, फिट इंडिया मूवमेंट और करियर परामर्श के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसी बैठकें होती रहेंगी ताकि देश के युवा सरकारी योजनाओं के बारे में जान सकें और सरकार से संपर्क कर सकें।

मंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे हर घर जल योजना, स्वच्छता, उज्ज्वला योजना, और डिजिटल इंडिया आदि की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में 250 जिम स्थापित किए हैं।





मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि खेलों में हमारी उपलब्धियां कई गुना बढ़ गई हैं जैसा कि हाल के राष्ट्रमंडल खेलों के परिणामों से पता चलता है कि भारत ने 61 पदक प्राप्त किए और टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया।

# भारतीय छात्रों की चीन में पूरी होगी पढ़ाई! बीजिंग ने कहा- जल्द आएगा पहला ग्रुप

*चीन ने कहा कि हम विदेशी छात्रों की चीन में वापसी के लिए व्यापक रूप से काम कर रहे हैं एवं भारतीय छात्रों की वापसी के लिए यह प्रक्रिया शुरू हो गई है।*





• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

चीन ने कहा है कि उसने कोविड-19 संबंधी वीजा प्रतिबंधों के कारण अपने देश में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीजिंग का कहना है कि भारतीय छात्रों का पहला ग्रुप जल्द ही यहां आ सकता है। इसके साथ ही उन हजारों छात्रों के लिए उम्मीद की किरण दिखने लगी है जो वापस आकर चीन में आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाताओं से कहा, 'हम विदेशी छात्रों की चीन में वापसी के लिए व्यापक रूप से काम कर रहे हैं एवं भारतीय छात्रों की वापसी के लिए यह प्रक्रिया शुरू हो गई है।'

दरअसल, वांग वेनबिन से सभी विदेशी छात्रों के लिए जल्द ही नई वीजा नीति शुरू किए जाने के बारे में कुछ चीनी राजनयिकों के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सवाल किया गया था। वांग ने कहा, 'हमें विश्वास है कि हम बहुत जल्दी ही भारतीय छात्रों के पहले जत्थे की वापसी देखेंगे और हम कोविड के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संबंधित कदमों के साथ इसे जारी रखेंगे।' वहीं, जब वांग से ये पूछा किया गया कि लौटने के इच्छुक भारतीय छात्रों के बारे में यहां भारतीय दूतावास द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची की प्रक्रिया किस चरण में है।

**23 हजार से अधिक छात्र चीन जाने का कर रहे इंतजार :** इस पर चीनी प्रवक्ता ने कहा कि संबंधित जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी। चीन वर्तमान में अपने कॉलेजों में लौटने के इच्छुक सैकड़ों भारतीय छात्रों की सूची पर गौर कर रहा है। भारत के 23,000 से अधिक छात्र कथित तौर पर कोविड वीजा प्रतिबंधों के कारण अपने ही देश में फंसे हुए हैं और उनमें से ज्यादातर मेडिकल छात्र हैं। दरअसल, चीन ने अपने यहां पढ़ाई के लिए तुरंत लौटने के इच्छुक लोगों के नाम मांगे थे। इसके बाद भारत ने कई सौ छात्रों की एक लिस्ट बीजिंग को सौंपी।

**भारत-चीन के बीच फ्लाइट सेवा दो साल से बंद :** हाल के हफ्तों में श्रीलंका, पाकिस्तान, रूस और कुछ अन्य देशों के स्टूडेंट चार्टेड फ्लाइट के जरिए चीन पहुंचे हैं। चीन ने भी कई देशों से फ्लाइट को अपने यहां आने की इजाजत दी है। लेकिन अभी तक दोनों देशों के बीच फ्लाइट शुरू करने पर कोई काम नहीं किया है। भारत और चीन के बीच कोरोनावायरस महामारी के चरम पर फ्लाइट सेवा रोक दी गई थी, जो पिछले दो सालों से रुकी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही देश फ्लाइट को शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं।

# बंटवारे के 75 साल बाद पाकिस्तान में रहने वाले भतीजे से मिले 92 वर्षीय सरवन

*सरवन सिंह अपने भाई के बेटे मोहन सिंह से ऐतिहासिक गुरद्वारे करतारपुर साहिब में मिले। अब पाकिस्तान में स्थित करतारपुर में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने अंतिम समय बिताया था।*

• **जालंधर ब्रीज.** खास खबर

एक साल पहले पाकिस्तान स्थित स्वतंत्र पत्रकार जावेद मोहम्मद ने पाकिस्तान में साहीवाल जिले के चक-37 गांव में उनके घर जाकर मोहन सिंह (82) का वीडियो बनाया था। मोहम्मद को यह जानकर झटका लगा कि मोहन सिंह बंटवारे के समय अपने परिवार से अलग हुए थे लेकिन तब वे अपने परिवार के एक बार भी नहीं मिल सके। मोहन सिंह ने मोहम्मद को अपने 92 वर्षीय चाचा सरवन सिंह के बारे में बताया। सरवन सिंह भारतीय पंजाब में जालंधर जिले से 25 किलोमीटर दूर भउद्दीनपुर में रहते हैं।

अब पंजाब के रहने वाले 92 वर्षीय बुजुर्ग पाकिस्तान में रहने वाले अपने भतीजे से सोमवार को मिले। बंटवारे के वक्त बिछड़ जाने के 75 साल बाद दोनों की मुलाकात हुई। उस समय हो रहे सांप्रदायिक दंगों में उनके कई रिश्तेदार भी मारे गए थे। सरवन सिंह अपने भाई के बेटे मोहन सिंह से ऐतिहासिक गुरद्वारे करतारपुर साहिब में मिलेंगे। अब पाकिस्तान में स्थित करतारपुर में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने अंतिम समय बिताया था।

सरवन सिंह के नवासे परविंदर ने पीटीआई को फोन पर बताया, "नानाजी आज बहुत खुश हैं, क्योंकि वह करतारपुर साहिब में अपने भतीजे से मिलने जा रहे हैं।" परविंदर ने बताया कि विभाजन के समय मोहन सिंह छह साल के थे और वह अब मुस्लिम हैं, क्योंकि पाकिस्तान में एक मुस्लिम

## भावुककरदेगीइनकीकहानी।।।



परिवार ने उन्हें पाला-पोसा था। दोनों रिश्तेदारों के 75 साल बाद मिलने में भारत और पाकिस्तान के दो यूट्यूबर ने अहम भूमिका निभाई है।

जंडियाला के यूट्यूबर ने विभाजन से संबंधित कई कहानियों का दस्तावेजीकरण किया है और कुछ महीने पहले उन्होंने सरवन सिंह से मुलाकात की और उनकी जिंदगी की कहानी अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट की। सीमापार, एक पाकिस्तानी ट्यूबर ने मोहन सिंह की कहानी बयां की जो बंटवारे के वक्त अपने परिवार से बिछड़ गए थे। संयोग से, ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले पंजाबी मूल के एक शख्स ने दोनों वीडियो देखे और रिश्तेदारों को मिलाने में मदद की।

एक वीडियो में सरवन ने बताया कि उनके बिछड़ गए भतीजे के एक हाथ में दो अंगूठे थे और एक जांघ पर बड़ा सा तिल था। परविंदर ने बताया कि पाकिस्तानी यूट्यूबर की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में मोहन के बारे में भी ऐसी ही चीजें साझा की गईं। बाद में ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले शख्स ने सीमा के दोनों ओर दोनों परिवारों से संपर्क किया। परविंदर ने कहा कि नानाजी ने मोहन को उनके चिन्हों के जरिए पहचान लिया।

सरवन का परिवार गांव चक 37 में रहा करता था जो अब पाकिस्तान में है और उनके विस्तारित परिवार के 22 सदस्य विभाजन के समय हिंसा में मारे गए थे। सरवन और उनके परिवार के सदस्य भारत आने में कामयाब रहे थे। मोहन सिंह हिंसा से तो बच गए थे लेकिन परिवार से बिछड़ गए थे और बाद में पाकिस्तान में एक मुस्लिम परिवार ने उन्हें पाला पोसा।

सरवन अपने बेटे के साथ कनाडा में रहते हैं, लेकिन कोविड-19 के कारण वह जालंधर के पास सांधमां गांव में अपनी बेटी के यहां फंसे हुए हैं। परविंदर ने कहा कि उनकी मां रछपाल कौर भी सरवन के साथ करतारपुर गुरुद्वारा गई हैं।

# यूको बैंक में डकैती करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती शेख के एक घर से रची गई थी साजिश, 7.50 लाख रुपए, एक देसी कट्टा व एक्टिवा बरामद**

• जालंधर ब्रीज, जालंधर

इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूको बैंक में कुछ दिन पहले डाका डालने वाले तीन आरोपियों को कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिन की पहचान बस्ती शेख के विनय तिवाड़ी, कोट मोहल्ला के तरुण नाहर और बस्ती शेख के रहने वाले अजयपाल सिंह निहंग के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने 7.50 लाख रुपए, एक देसी कट्टा और एक एक्टिवा बरामद की है। इनका चौथा साथी बस्ती शेख का गुरप्रीत सिंह गोपी फिलहाल फरार है।

पुलिस कमिश्नर गुरशरण सिंह संधू ने बताया कि बस्ती शेख के अजय पाल निहंग के घर से डकैती की साजिश रची गई है। अजय पाल पर कत्ल, कत्ल के प्रयास, लूटपाट, आर्मस एक्ट जैसी संगीन धाराओं के तहत करीब 10 केस दर्ज है। सीपी ने बताया कि अजय के घर बैठकर इन चारों ने डकैती की योजना बनाई और इंडस्ट्रियल एरिया यूको बैंक को साफ्ट टारगेट समझकर निशाना बनाया। कमिश्नर ने बताया कि पुलिस ने साइंटिफिट तरीके से जांच करके केस को ट्रेस कर लिया है।



# अब किसी भी मूल्य का स्टांप पेपर ई-स्टांप से किया जा सकता है : डीसी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



डीसी जसप्रीत सिंह ने आज बताया कि अब किसी भी मूल्य का कोई भी स्टांप पेपर ई-स्टांप से प्राप्त किया जा सकता है, जबकि पहले यह सुविधा केवल 20 हजार रुपये से अधिक मूल्य के अष्टाम पर लिए लागू होती थी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई फिजिकल (पुराने अष्टाम) किसी आम व्यक्ति के पास मौजूद है तो वे संबंधित सब डिविजनल मजिस्ट्रैट से रिफंड का दावा कर सकते है। डीसी ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा आम लोगों की सुविधा के लिए स्टांप पेपर को खत्म करने और अष्टाम से जुड़ी धोखाधड़ी पर लगाम लगाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन विभाग के फिजिकल अष्टाम पेपर 31 जुलाई 2022 तक वैध रहेंगे और 1 अगस्त 2022 से सिर्फ ई-स्टांपिंग ही मान्य होगी। उन्होंने कहा कि अब किसी भी मूल्य का अष्टाम पेपर के ई-स्टाम्प के माध्यम से किसी भी स्टाम्प विक्रेता या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत बैंकों से कम्प्यूटरीकृत प्रिंट-आउट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

## फुल ड्रेस रिहर्सल शुक्रवार को

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डा. इंदरबीर सिंह निज्जर 76वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा मनाए जा रहे जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 12 अगस्त (शुक्रवार) को सुबह होगी। फुल ड्रेस रिहर्सल और कार्यक्रम के दौरान सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह होगा। डीसी जसप्रीत सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 76वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने के लिए प्रशासन ने सभी प्रबंध कर लिए है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत फ्लैग कोड में ढील

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला



75वें 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत देशवासी अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने फ्लैग कोड में ढील दी है। डिप्टी कमिशनर विशेष सारंगल ने जिला निवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों और व्यावसायिक परिसरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है।

डीसी ने फ्लैग कोड की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा तिरंगा हमारे लिए बहुत सम्मान योग्य है। उन्होंने कहा कि झंडा सूत/पॉलिएस्टर/ऊन/रेशम, खादी का हो सकता है। आम लोग भी अपने घरों पर झंडा फहरा सकते है और दिन-रात तिरंगा फहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थाओं के प्रबंधक भी झंडें खरीद कर अपने-अपने भवनों पर फहराएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज आयताकार होना चाहिए और उसका आकार कोई भी हो सकता है, लेकिन लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी आप अपने घर पर तिरंगा फहराएं तो वह साफ-सुथरी और सम्मानजनक जगह होनी चाहिए। सबसे ऊपर केसरिया रंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं होनी चाहिए जिससे तिरंगे का अपमान हो। जिला निवासी तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर https://harghartirang.com पोर्टल पर अपलोड कर सकते है।

# असंगठित क्षेत्र में अधिक से अधिक श्रमिकों को PM-SYM अधीन कवर करने के लिए निजी स्कूलों से मांगा सहयोग

**एडीसी ने योग्य श्रमिकों की योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने को कहा**

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर (विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने आज प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन (पीएम-एसवाईएम) योजना के अधीन अधिक से अधिक संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कवर करने के लिए निजी स्कूलों से सहयोग की मांग करते हुए कहा कि इस योजना के अधीन योग्य श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन यकीनी बनाया जाए। स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर ने निजी स्कूलों के प्रिंसीपलों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन (पीएम-एसवाईएम) योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अधीन असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन का लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जिसके अधीन काम करने की उम्र के आधार पर 55 रुपये से 200 रुपये तक की मासिक बचत प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना खाते में जमा की जा सकती है। पेंशन धारक जितने रुपये खाते में जमा करेगा, उतनी ही राशि पेंशन धारक के उक्त खाते में सरकार द्वारा जमा की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि योजना के तहत हर ग्राहक को 60 साल की उम्र पूरी करने पर कम से कम 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। कि असंगठित क्षेत्र के 18-40 वर्ष के ऐसे श्रमिक जिनकी आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह से कम है, इस योजना के अधीन रजिस्ट्रेशन करवाकर पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते है।



## जिले में 2 लाख से अधिक तिरंगे झंडे तैयार

हर घर तिरंगा अभियान अधीन जिले में 2 लाख से अधिक राष्ट्रीय ध्वज अलग-अलग स्थानों पर उपलब्ध करवाए जा चुके है ताकि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक झंडे घरों, दफ्तरों, और अलग-अलग भवनों पर फहराया जा सके। अतिरिक्त डिप्टी कमिशनक (विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने बताया कि इन्हें 25 रुपये और 18 रुपये देकर खरीदा जा सकता है। इस संबंध में चुने स्थानों के अलावा ध्वज को खरीदने के इच्छुक व्यक्ति जिला प्रशासकीय परिसर स्थित एडीसी (विकास) एवं जिला नाजर के दफ्तर तथा नगर निगम स्थित जिला परिषद दफ्तर से सुबह 9 से 5 बजे के बीच भी इसे खरीदा सकता है।

# फगवाड़ा में डेयरी उद्यम प्रशिक्षण कोर्स 22 से शुरु

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी डायरेक्टर डेयरी हरविंदर सिंह ने बताया कि पंजाब डेयरी विकास बोर्ड की ओर से चार सप्ताह का डेयरी उद्यम प्रशिक्षण कोर्स 22 अगस्त से डेयरी प्रशिक्षण केंद्र फगवाड़ा में शुरु होने जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कोर्स में भाग लेने के लिए इच्छुक डेयरी फार्मर का कम से कम 10वीं पास होना, आयु 18 से 45 वर्ष के बीच, ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित व पहले कम से कम 5 पशु रखे होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस डेयरी प्रशिक्षण कोर्स में डेयरी फार्मरज को कुशल डेयरी मैनेजर बनाने के लिए अलग-अलग विषयों के माहिरों की ओर से पशुओं की संभाल, अलग-अलग बीमारियों, मनसूही गर्भावस्था व दूध से दूध पदार्थ तैयार करने का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। हरविंदर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान माडल कैटल शैडों का निर्माण, तकनीकों व सब्सिडी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कोर्स के लिए काउंसलिंग 16 अगस्त को रखी गई है। उन्होंने बताया कि जिला होशियारपुर के प्रशिक्षण लेने के इच्छुक 12 अगस्त तक कार्यालय डिप्टी डायरेक्टर डेयरी होशियारपुर में उपस्थित होकर प्रासपेक्टस फार्म हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुने हुए शिक्षार्थी जनरल कैटागिरी के लिए फीस 5 हजार रुपए व अनुसूचित जाति के लिए 4 हजार रुपए होगी।

इच्छुक व्यक्ति उक्त कार्यालय से प्रासपेक्टस लेकर 12 अगस्त तक अपना प्रार्थना पत्र चुनाव के लिए दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के फोन नंबर 01882- 220025 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ‘खेड़ां वतन पंजाब दियां’ : मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा पंजाब खेल मेले का पोर्टल लॉन्च

***11 से 25 अगस्त के दरमियान रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे इच्छुक खिलाड़ी *29 अगस्त को शुरू होने वाले दो महीने के खेल मेले में 5 लाख के करीब खिलाड़ी छह उम्र ग्रुपों में हिस्सा लेंगे**

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़




खेल विभाग द्वारा राज्य में खिलाडिय़ों के कौशल की पहचान, खेल समर्थकीय माहौल सृजन करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, आपसी सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने एवं सेहतमंद पंजाब सृजन करने के मंतव्य के अंतर्गत ‘खेड़ां वतन पंजाब दियां’ विषय के अंतर्गत करवाए जा रहे पंजाब खेल मेले का पोर्टल आज मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लॉन्च किया। मुख्यमंत्री द्वारा पंजाब की खेलों में खोई हुई शान को फिर से बहाल करने की प्रतिबद्धता के अंतर्गत ‘खेड़ां वतन पंजाब दियां’ के विषय पर खेल विभाग द्वारा आयोजित खेल मेले में हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ी पोर्टल www.punjabkhedmela2022.in पर जाकर आज (11 अगस्त) से 25 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

पहली बार पंजाब में अपनी किस्म के करवाए जा रहे इस खेल मेले के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के साथ खिलाडिय़ों का उम्र वर्ग और खेल के अनुसार डेटाबेस तैयार होगा। मुख्यमंत्री द्वारा खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर की हाजिऱी में जारी इस पोर्टल पर खेल मेले सम्बन्धी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। इस मौके पर खेल विभाग के प्रमुख सचिव राज कमल चौधरी और डायरैक्टर राजेश धीमान भी उपस्थित थे। ब्लॉक से राज्य स्तर तक करवाया जाने वाला पंजाब खेल मेला मेजर ध्यान चंद के जन्म-दिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 से 7 सितम्बर, जि़ला स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 से 22 सितम्बर और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 21 अक्तूबर तक होंगी।

अंडर 14 से 50 साल से अधिक उम्र के छह ग्रुपों के 28 खेल की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी, जिनमें पंजाब के 5 लाख के करीब खिलाडिय़ों की हिस्सेदारी होगी। मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी जहाँ अपने-अपने खेल में ग्रेडिंग करवा सकेंगे। उम्र वर्ग अंडर 14, अंडर 17, अंडर 21, 21-40 साल, 40-50 साल और 50 साल से अधिक होगा। खेल मेले में पैरा स्पोटर्स वाले खिलाडिय़ों के लिए भी प्रतियोगिताएं होंगी। राज्य स्तर के स्वर्ण, रजत और काँस्य पदक विजेताओं को 10 हज़ार रुपए, 7 हज़ार रुपए और 5 हज़ार रुपए और सर्टिफिकेट मिलेंगे। कुल 6 करोड़ रुपए की ईनामी राशि बाँटी जाएगी। सभी विजेता खिलाड़ी राज्य की ग्रेडेशन नीति में कवर होंगे। खेल मेले के दौरान विजेताओं के अलावा अन्य खिलाडिय़ों के डोप टैस्ट किए जाएंगे।

# चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी ने वोटर कार्ड को आधार से लिंक करवाने के लिए सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

जिला चुनाव अधिकारी के निर्देशों पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(विकास)-कम- चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी विधान सभा क्षेत्र 41- उड़मुड़ दरबारा सिंह ने आज समूह सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर विधान सभा क्षेत्र में वोटर कार्डों को आधार कार्ड से लिंक करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि वे अपने अंतर्गत आते बी.एल.ओज को वोटर कार्डों को आधार कार्ड से लिंक करवाने के कार्य पर तुरंत लगवाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोडऩे के लिए प्रोग्राम 1 अगस्त से शुरु कर दिया गया है व यह प्रक्रिया 1 अप्रैल 2023 तक जारी रहेगी। एडीसी (विकास) ने कहा कि पहले से रजिस्टर्ड वोटर वोटर हैल्पलाइन एप एन.वी.एस.पी. व फार्म 6-बी के माध्यम से अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी के पास आधार कार्ड नहीं है, तो भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से 11 दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज की जानकारी भर कर रजिस्टर्ड किया जा सकता है।

दरबारा सिंह ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार वोटर सूचि के संशोधन का कार्य योग्यता तिथि 1-1-2023 के आधार पर 9-11-2022 से शुरु हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान जिस व्यक्ति की आयु 1-1-2023 तक 18 वर्ष या इससे अधिक हो, तो वह अपनी वोट बनवा सकता है। दुरुस्ती संबंधी फार्म नंबर 8 भर कर संबंधित बी.एल.ओज या चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी के कार्यालय 9-11-2022 से 8-12-2022 तक दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोटर सूचि का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को होगा।

# सिविल सर्जन ने दिए मुर्दाघर की सेवा में सुधार के निर्देश



• जालंधर ब्रीज.जालंधर

सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव शर्मा ने सिविल अस्पताल जालंधर के मोर्चरी, इमरजेंसी वार्ड और कृष्णा लैब में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के लिए यह समय बेहद संवेदनशील है, इसलिए पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के लिए यह समय बेहद संवेदनशील होता है, इसलिए पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा और एम.एस. डा. राजीव शर्मा ने कृष्णा डायग्नोस्टिक सेंटर का दौरा किया और लैब द्वारा प्रदान की जा रही डायग्नोस्टिक सेवाओं का निरीक्षण किया। उनसे लैब में मरीज के आने से लेकर पूरी प्रक्रिया पूरी होने तक की जानकारी ली गई।

# क्रिकेट में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों का पदक हमेशा विशेष रहेगा : मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पदक विजेताओं को सोमवार को बधाई दी और रजत पदक जीतने वाली महिला क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि क्रिकेट में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों का पदक हमेशा विशेष रहेगा। महिला क्रिकेट को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल किया गया था। भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से नौ रन से हार गया था। मोदी ने महिला क्रिकेट टीम की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, ‘क्रिकेट और भारत को अलग नहीं किया जा सकता। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने पूरे राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बेहतरीन क्रिकेट खेली और प्रतिष्ठित रजत पदक जीता। यह राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट में पहला पदक है और इसलिए या हमेशा विशेष रहेगा।'' प्रधानमंत्री ने टेबल टेनिस के मिश्रित युगल में स्वर्ण जीतने के लिए शरत कमल और श्रीजा अकुला की प्रशंसा करते हुए उनके धैर्य और दृढ़ता की सराहना की। मोदी ने कहा, ''साथ में खेलने और जीतने का अपना अलग ही आनंद है।'



बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतने वाले किदांबी श्रीकांत की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें भारतीय बैडमिंटन के दिग्गजों में से एक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘यह उनका राष्ट्रमंडल खेलों में यह चौथा पदक है जिससे उनके कौशल और निरंतरता का पता चलता है। उम्मीद है कि वह आगे भी युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे।' बैडमिंटन के महिला युगल में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें उन पर गर्व है। मोदी ने खेलों से पहले बातचीत का एक वीडियो क्लिप ट्वीट करते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ‘राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होने से पहले त्रीसा ने मुझे गायत्री के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बताया लेकिन वह सुनिश्चित नहीं थी कि पदक जीतने पर वह कैसे जश्न मनाएगी। उम्मीद है कि अब उसने इसकी योजना बना ली होगी।' प्रधानमंत्री ने मुक्केबाजी में रजत पदक जीतने वाले सागर अहलावत के लिए अपने संदेश में कहा, ''वह खेलों में भारत के ‘पावरहाउस' में से एक थे और उनकी सफलता मुक्केबाजों की युवा पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। उम्मीद है कि वह आगे भी भारत को गौरवान्वित करते रहेंगे।

# ऐमनेस्टी स्कीम के तहत टैक्स डिफ़ॉल्टरों से 38 करोड़ से अधिक की रिकवरी

जालधर ब्रीज.चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा पंजाब के टैक्स डिफ़ॉल्टरों से रिकवरी के लिए चलाई गई ऐमनेस्टी स्कीम के तहत 38 करोड़ रुपए से अधिक की रिकवरी की गई है। परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि सरकार द्वारा तीन महीने की समय-सीमा वाली ऐमनेस्टी स्कीम 6 मई, 2022 को आरंभ की गई थी, जिसके अंतर्गत अब तक 38.93 करोड़ रुपए की रिकवरी की गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब के टैक्स डिफ़ॉल्टरों की तरफ सरकार के 64.84 करोड़ रुपए बकाया थे, जिसके चलते उनको राहत देने के लिए यह स्कीम चलाई गई थी।



परिवहन मंत्री ने कहा कि जिन डिफ़ॉल्टरों ने अब तक बकाए की अदायगी नहीं की, उनके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत की कि तय तारीख़ तय किया गया टैक्स न जमा करवाने वाले ऑपरेटरों की बसें ज़ब्त की जाएँ और बसों को टाईम टेबल से हटाया जाए।

# मालेरकोटला में मेडिकल कॉलेज व कलानौर में कृषि कॉलेज स्थापित करने की मंजूरी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

राज्य में उच्च शिक्षा को और प्रोत्साहित करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मालेरकोटला ज़िले में मेडिकल कॉलेज और कलानौर (गुरदासपुर) में कृषि कॉलेज स्थापित करने की मंज़ूरी दे दी। इस सम्बन्धी फ़ैसला मुख्यमंत्री ने यहाँ गुरूवार को एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए किया। इस संबंधी विचार-विमर्श में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मालेरकोटला में कोट शेरवानी में मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। उन्होंने आशा अभिव्यक्त की कि यह मेडिकल कॉलेज पंजाब और ख़ास तौर पर मालवा क्षेत्र को मानक स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। भगवंत मान ने यह भी कहा कि यह कॉलेज मालेरकोटला को देश के नक्शे पर चिकित्सा शिक्षा के केंद्र के रूप में उभारेगा। एक अन्य एजंडे पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरदासपुर ज़िले के कलानौर कस्बे में कृषि कॉलेज स्थापित करने को भी मंज़ूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज कृषि के विशाल क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ राज्य के सीमावर्ती जिलों में प्रगतिशील और कृषि के मशीनीकरण को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। भगवंत मान ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में ऐसे प्रमुख शैक्षिक संस्थान समय की ज़रूरत हैं, जिससे इसकी तरक्की और लोगों की ख़ुशहाली सुनिश्चित बन सके।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह यह सुनिश्चित बनाएं कि केंद्र सरकार की सहायता से बन रहे इन दोनों गौरवमयी प्रोजैक्टों का काम समयबद्ध ढंग से मुकम्मल किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों के कल्याण के लिए कई लोक-हितैषी और विकास समर्थकीय योजनाएं तैयार कर रही है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.